पू. बापू हमारा अखबार
'डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट'
को पढ़ते हुए




परम धर्म श्रुति बिदित अहिंसा । पर निंदा सम अघ न गरिसा ।।
धरमु न दूसर सत्य समाना । आगम निगम पुराण बखाना ।।
जेहि बिधि प्रभु प्रसन्न मन होई । करूणा सागर कीजि सोइ ।।
|| मानस सनातन धर्म || Ram Katha 971- New Delhi || *मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 191 | इंदौर, शनिवार 24 जनवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए










मानस सनातन धर्म - रामकथा

# सत्य-प्रेम-करुणा-अहिंसा की रसधारा भारतमंडपम में...



सनातन धर्म के प्रवाह का नाम गंगा है।
सनातन धर्म के पर्वत का नाम कैलाश है।
सनातन धर्म के वृक्ष का नाम अक्षय वट है।
सनातन धर्म के ग्रंथ का नाम वेद है। -बापू

## अहिंसा विश्व भारती - विश्व शांति केंद्र मिशन की अध्यक्षता में आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

मोरारी बापू की रामकथा - मानस सनातन धर्म का प्रवाह श्रोताओं को रस और प्रेम में सराबोर कर रहा है।

बापू के श्रीमुख से आध्यात्मिक रसधार से प्रवाहित "मानस सनातन धर्म" विषयक यह कथा 17 जनवरी 2026 से नित्य प्रातः 10:00 बजे भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में विश्वशांति और कल्याण को लेकर मनुष्य में करुणा, सत्य, प्रेम, अहिंसा और नैतिकता का संदेश पुनर्जीवित करती दिखाई देती है।

इस आयोजन में अभी तक समय समय पर आए हुए विशेष अतिथिगण ,कई विशिष्ट महानुभाव, राजनीतिकगण, संतसमाज कथाव्यास के प्रखर,प्रसिद्ध व्यक्तित्वों ने अपनी अपनी सहभागिता की ,उद्बोधन दिया और आशीर्वचन प्रदान किए ।

मोरारी बापू ने अंतर्राष्ट्रीय समुदायों तथा विभिन्न देशों से आए श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए संदेश दिया कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भाग लिया और अपने एक महीने के वेतन को विश्व शांति मिशन के लिए समर्पित करने की घोषणा की।

सत्य, प्रेम, करुणा ,पर्यावरण संरक्षण, समाज सेवा और अहिंसा के महत्व को दोहराया गया।

सत्य प्रेम करुणा अहिंसा के वास्तविक अर्थों को जीवन में उतारना ही सनातन धर्म है। सनातन धर्म को जीवन की दिशा बताने वाला मार्गदर्शक है ।

बापू ने समझाया कि वैराग्य, त्याग और मर्यादा और प्रेम को समर्पित पुरुषोत्तम भगवान राम का राज्याभिषेक के स्थान पर वनवास यही सनातन धर्म की परीक्षा है। राम का त्याग कोई पलायन नहीं, बल्कि कर्तव्य के प्रति सर्वोच्च समर्पण है।

माता कैकेयी, दशरथ और राम—तीनों के उदाहरण से यह बताया गया कि धर्म में पीड़ा होती है, पर वही अंततः शांति देता है। नव दिवसीय इस कथा प्रवाह की पूर्णाहुति रविवार 25 जनवरी को भारतमंडपम,नई दिल्ली में होगी ।







# जीआरपी ने 36 बोतल विदेशी दारू जब्त की, तीन गुजराती तस्कर गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। रेलवे मार्ग से अवैध शराब तस्करी करने वालों के खिलाफ जीआरपी इंदौर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 23 जनवरी की रात विशेष अभियान के तहत स्टेशन पर घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा गया। उनके पास से 36 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई। जब्त शराब की कुल मात्रा करीब 27 लीटर और अनुमानित कीमत 58 हजार 560 रुपए बताई गई है।**



रेलवे के अनुसार जीआरपी को विश्वसनीय सूत्रों से शराब तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद प्लेटफॉर्म नंबर 2/3 के ब्रिज के पास ड्यूटी पर तैनात जीआरपी बल ने तीन संदिग्धों को घेर लिया। तलाशी के दौरान उनके बैग और झोलों से विदेशी मदिरा की खेप बरामद हुई।बरामद शराब में वेट 69, सिग्नेचर, रॉयल चैलेंज और ओल्ड स्मगलर जैसे महंगे विदेशी ब्रांड शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी रेलवे के जरिए गुजरात से इंदौर और अन्य शहरों में अंग्रेजी शराब की तस्करी कर रहे थे। मामले में जीआरपी थाना इंदौर में अपराध क्रमांक 19/2026 के तहत धारा 34 आबकारी अधिनियम में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है।

### गिरफ्तार आरोपी

1. प्रेमजी भाई पिता कानजी भाई उम्र 61 वर्ष निवासी जनता सोसाइटी जिला पोरबंदर (गुजरात)
2. वाला भाई पिता वैजा भाई वढेर उम्र 58 वर्ष निवासी भारतनगर एरोड्रम जिला पोरबंदर (गुजरात)
3. मनसुखलाल पिता नजा भाई दाफदा उम्र 50 वर्ष निवासी संत रोहिदास नगर, मेघानी नगर, जिला जूनागढ़ (गुजरात)

## टीएंडसीपी को गलत जानकारी देकर लेआउट मंजूर कराकर प्लॉट धारकों से की धोखाधड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। टीएंडसीपी को गलत जानकारी देकर लेआउट मंजूर कराकर प्लॉट धारकों से धोखाधड़ी करने के मामले में राज्य आर्थिक अपराध अनुसंधान ब्यूरो (EOW, इंदौर) दृष्टि देवकॉन प्रा. लि. के डायरेक्टर्स सहित पांच के खिलाफ धोखाधड़ी करने के मामले में एफआईआर दर्ज की है।**

EOW द्वारा ग्राम पिपल्या लोहार और खडराखेड़ा इंदौर में डेवलप की जा रही गिरीराज कॉलोनी के संबंध में गलत जानकारी देकर अवैध लेआउट अनुमोदन कराकर प्लॉट धारकों से धोखाधड़ी करने की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। मामले में दृष्टि देवकान प्रालि. के डायरेक्टर शैलेष पिता श्री शिवनारायण माहेश्वरी, विनोद पिता रामस्वरूप माहेश्वरी, कुंवर सिंह पिता अमर सिंह और राजू पिता अमर सिंह पंवार और माया पति सालगराम राजपूत सभी निवासी पुखराज कार्पोरेशन, नवलखा बस स्टैंड के सामने, इंदौर हैं। मामले में शिकायतकर्ता मे. सुन्दरम रियल इंफ्रा प्रा. लि. के डायरेक्टर पवन नारंग द्वारा आरोप लगाया गया कि दृष्टि देवकान प्रा.लि. के डायरेक्टर शैलेष माहेश्वरी और अन्य भूमि स्वामियों द्वारा नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय को भ्रामक जानकारी देकर प्रस्तावित कॉलोनी के लेआउट में उत्तर दिशा में 9 मीटर चौड़ा पहुंच मार्ग दर्शाया गया, जबकि वास्तविक स्थल पर मात्र 8-10 फीट चौड़ा मार्ग ही उपलब्ध है।

जांच में संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, इंदौर से प्राप्त जानकारी और स्थल निरीक्षण के आधार पर पाया गया कि अनुमोदित लेआउट के अनुरूप पहुंच मार्ग मौके पर मौजूद नहीं है। इसके बावजूद आरोपियों द्वारा सांठगांठ और षड्यंत्रपूर्वक गलत जानकारी प्रस्तुत कर आवासीय भूखंडीय विकास का अभिन्यास अनुमोदित कराया गया और आमजन व कॉलोनी के प्लॉट धारकों के साथ धोखाधड़ी की गई। प्रथम दृष्टया पाया गया कि आरोपियों ने नियमों के विरुद्ध अवैध लाभ अर्जित करने की नीयत से अवैध लेआउट की मंजूरी प्राप्त की। इस पर पांचों आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 120-बी भादंवि के तहत केस दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# प्रेम-प्रसंग की आशंका

## हाथ-पैर बांधकर महिला की बेरहमी से हत्या, मुंह में कपड़ा ठूंसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र के नंदबाग इलाके में शुक्रवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक महिला का शव उसके ही घर में संदिग्ध अवस्था में पाया गया। मृतका की पहचान 35 वर्षीय गायत्री, पति सुनील कुर्मी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई है।**



घटनास्थल का नजारा काफी भयावह था। जब पुलिस और प्रत्यक्षदर्शी कमरे में दाखिल हुए, तो उन्होंने देखा कि गायत्री के हाथ और पैर रस्सी से बंधे हुए थे। इतना ही नहीं, हमलावरों ने उसकी आवाज दबाने के लिए उसके मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था। परिस्थितियों को देखकर यह साफ लग रहा है कि हत्या से पहले उसे काफी प्रताड़ित किया गया और फिर बेरहमी से उसकी जान ले ली गई। गायत्री टीसीएस कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर काम करती थी। उसकी रोजाना की शिफ्ट सुबह साढ़े छह बजे शुरू होती थी। शुक्रवार को जब वह समय पर काम पर नहीं पहुंची, तो उसके सुपरवाइजर बद्रीलाल को चिंता हुई। करीब एक घंटे इंतजार करने के बाद, जब वह गायत्री के घर उसे देखने पहुंचे, तब इस पूरी वारदात का खुलासा हुआ। कमरे के अंदर गायत्री का शव देख उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि गायत्री मूल रूप से छिंदवाड़ा की रहने वाली थी। वह अपने पति से अलग रहती थी और उसकी कोई संतान नहीं है। आसपास के पड़ोसियों को भी उसके पति के बारे में विशेष जानकारी नहीं थी। पुलिस ने छिंदवाड़ा में रहने वाले उसके माता-पिता को इस दुखद घटना की जानकारी दे दी है। मौके पर मौजूद साक्ष्यों के आधार पर पुलिस को आशंका है कि गायत्री की गला घोटकर हत्या की गई है। कमरे में उसका टिफिन भी रखा हुआ मिला, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि वह काम पर निकलने की तैयारी में थी। पुलिस ने फिलहाल उसके साथ काम करने वाले एक सहकर्मी को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। शुरुआती जांच में प्रेम प्रसंग से जुड़ा विवाद हत्या का संभावित कारण माना जा रहा है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# उर्स में कव्वालों ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश किए

## दरगाह सदर डॉ. रिज़वान पटेल के नेतृत्व में ऐतिहासिक आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। खजराना स्थित सैयद नूरुद्दीन नाहर शाह वली सरकार के उर्स का 22 जनवरी से भव्य आग़ाज़ हो चुका है। शुक्रवार देर शाम दरगाह परिसर में मशहूर रईस अनीस साबरी कव्वाल पार्टी ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश कर समां बांध दिया। जैसे ही कव्वाल ने 'सरकार मदीना बुला लीजिए मुझको' कलाम पढ़ा, लाखों की संख्या में मौजूद अकीदतमंद झूम उठे और नोटों की बरसात शुरू हो गई।**





### ओपन मंच पर आकर्षक डेकोरेशन

इस पूरे उर्स का सफल और अनुकरणीय आयोजन दरगाह सदर डॉ. रिज़वान पटेल और उनकी समर्पित टीम की सदारत में किया जा रहा है। डॉ. पटेल की दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है कि इस बार पारंपरिक पंडाल की जगह ओपन मंच पर भव्य और आकर्षक डेकोरेशन की गई है, जो खजराना उर्स के इतिहास में पहली बार देखने को मिली। अकीदतमंदों ने इस नई व्यवस्था की भरपूर सराहना की।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं। नगर सुरक्षा समिति के सदस्य, खजराना थाना प्रभारी सहित पूरा पुलिस व प्रशासनिक अमला लगातार व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर रहा है। उर्स के दौरान मेले में झूले, विविध मार्केट और खान-पान की सैकड़ों दुकानें सजाई गई हैं।

### श्रद्धा, अनुशासन और भव्यता का संगम

पूरे आयोजन में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और समाजसेवी भी सक्रिय रूप से मौजूद रहकर डॉ. रिज़वान पटेल के प्रयासों की प्रशंसा कर रहे हैं, जिससे यह उर्स श्रद्धा, अनुशासन और भव्यता का अद्भुत संगम बन गया है।

## कैफे में हुई चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। संयोगितागंज इलाके में एक कैफे में घुसकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक कुंज बिहारी का श्रृंदानंद मार्ग स्थित गुरुकृपा कैफे में बदमाशों ने चोरी की। बदमाश यहां से पान मसाला, सिगरेट और कुछ नकदी लेकर फरार हो गए। वहीं एरोड्रम इलाके में भी बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। महेश मालवीय, निवासी केदार नगर, की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि महेश रात में जब अपने घर आए तो सामान बिखरा पड़ा था। आरोपियों ने घर से सोने के जेवर और चांदी चुराकर ले गए। हालांकि महेश ने अभी पुलिस को यह जानकारी नहीं दी है कि उनके यहां से कितना माल चोरी हुआ है। पुलिस संदिग्धों की तलाश कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री नड्डा और लोक निर्माण मंत्री सिंह ने सराहा रानी दुर्गावती का विजन

# जल संरचनाएं गोंडवाना साम्राज्य की समृद्ध विरासत का है जीवंत प्रमाण : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा ने जबलपुर के ऐतिहासिक 'जल मंदिर' और 'वीर बावड़ी' परिसर का शुक्रवार को भ्रमण कर पुनरुद्धार कार्यों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल संरचनाएं गोंडवाना साम्राज्य के गौरवशाली अतीत का जीवंत प्रमाण है।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा ने बावड़ी की वास्तुकला और इसके पुनरुद्धार कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य ध्येय हमारी ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजना और आने वाली पीढ़ी को इससे परिचित कराना है। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने परियोजना की विस्तृत जानकारी दी। रानी ताल और चेरी ताल के मध्य स्थित अद्वितीय स्थापत्य अवलोकन के दौरान अवगत कराया गया कि यह बावली केवल एक जल संरचना नहीं है, बल्कि यह गोंडवाना साम्राज्य की समृद्ध विरासत का प्रतीक है। रानी ताल और चेरी ताल के मध्य स्थित यह 'वीर बावड़ी' वीरांगना रानी दुर्गावती के प्रकृति प्रेम और लोक कल्याणकारी नीतियों का जीवंत प्रमाण है। उस दौर में जल संरक्षण को लेकर जो तकनीक अपनाई गई थी, उसका यह एक बेजोड़ नमूना है।

### जेपी नड्डा बोले- बंगाल में बंगाली असुरक्षित

## ऐसे कुशासन से मुक्त करवाएं

**जबलपुर, एजेंसी।** जबलपुर की धरती से बंगाल को संदेश देना होगा। बंगाल में भी बदलाव की आवश्यकता है। जिस बंगाल ने देश को नेतृत्व दिया आज वह मुसीबत में है। सारे देश को आज बंगाल के साथ खड़े होकर मुसीबत से निकलना चाहिए। ये बातें केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जबलपुर में बंगाली क्लब के कार्यक्रम में कही। बंगाली क्लब के 100 साल पूरे होने पर कार्यक्रम आयोजित किया था। जहां उन्होंने कहा कि बंगाल में बंगाली असुरक्षित हो जाएं, यह विडंबना है। आज हम जहां नेताजी सुभाषचंद्र बोस को याद कर रहे हैं तो वहीं आज हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि बंगाल को ऐसे कुशासन से मुक्त करवाएं, इसके लिए भी हमें अपना संदेश पहुंचाना चाहिए। अप्रैल-मई में हमें यह मौका भी मिलेगा। हम सबको अपने रिश्तेदारों से बातचीत करते हुए प्रजातांत्रिक तरीके से वहां पर बदलाव लाने के लिए योगदान करना होगा।

## ट्रेलर ने 50 फीट तक घसीटा, युवकों के चीथड़े उड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नीमच, एजेंसी**। नीमच में एक ट्रेलर ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। दोनों युवक ट्रेलर में फंस गए, जिससे करीब 50 फीट तक घसीटते गए। ट्रेलर लोहे की रेलिंग तोड़ते हुए बिजली के खंभे पर टकराकर खेत में घुस गया। खंभे भी टूट गए। युवकों के शवों के चीथड़े उड़ गए। हादसा कैंट थाना क्षेत्र में भरभड़िया फंटे पर गुरुवार रात हुआ। हादसे के बाद ट्रेलर में फंसे क्षत-विक्षत शवों को निकालने के लिए क्रेन बुलाई गई। लेकिन ट्रेलर क्रेन से हिल भी नहीं पाया। इसके बाद तीन बुलडोजर बुलाए गए। देर रात तक कड़ी मशक्कत के बाद शवों को ट्रेलर से निकाला गया। मृतकों की पहचान सरवानिया महाराज निवासी गोविंद पिता रामचंद्र रैगर और भूपेंद्र सिंह राजपूत के रूप में हुई है। एक युवक का सिर फट गया था, जबकि दूसरा बाइक सहित केबिन के नीचे ऐसा फंसा था कि उसका शरीर बिखर गया। पुलिस ने देर रात मृतकों के परिजनों को हादसे की सूचना दी। ट्रेलर (NL01AH0720) को जब्त कर लिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## कॉन्स्टेबल ने ड्यूटी पर खुद को गोली मारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल, एजेंसी**। शहडोल पुलिस लाइन में ड्यूटी के दौरान कॉन्स्टेबल ने खुद को गोली मार ली। उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करीब 1:25 बजे रक्षित केंद्र की है। कॉन्स्टेबल की पहचान शिशिर सिंह राजपूत (29) के रूप में हुई है। उसने सर्विस राइफल से गर्दन के पास फायर किया। पता चला है कि घटना से ठीक पहले कॉन्स्टेबल मोबाइल पर किसी से बात कर रहा था। इसी दौरान उसने मोबाइल जमीन पर फेंक दिया। इसके बाद राइफल से खुद पर फायर कर लिया। मौके पर टूटा हुआ मोबाइल और सर्विस राइफल मिली है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। फिलहाल घटना का कारण पता नहीं चला है। पुलिस का कहना है कि कॉल डिटेल और अन्य तथ्यों की जांच की जा रही है।

# जंगल घूमने गई युवती से सामूहिक दुष्कर्म, दोस्त को पीटकर भगाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, एजेंसी। सागर जिले के गौरझामर थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात सामने आई है। नीम घाटी के पास घूमने गई युवती को बंधक बनाकर दो दरिंदों ने उसके साथ ज्यादती की। हालांकि, पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।**

जानकारी के अनुसार, 24 वर्षीय युवती गुरुवार शाम अपने एक परिचित युवक के साथ नीम घाटी के पास प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने पहुंची थी। तभी वहां पहले से मौजूद दो बदमाशों की नजर उन पर पड़ी। आरोपियों ने युवती के साथ आए युवक को घेर लिया और उसके साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। जान से मारने की धमकी देकर बदमाशों ने युवक को मौके से भगा दिया। युवक के भागने के बाद आरोपियों ने युवती को अपनी हवस का शिकार बनाया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी उसे वहीं छोड़कर भागने की फिराक में थे, लेकिन युवती किसी तरह हिम्मत जुटाकर मुख्य सड़क तक पहुंची और वहां से गुजर रहे लोगों से मदद मांगी। शोर सुनकर राहगीर रुके और तत्काल पुलिस को सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा ने तुरंत एसडीओपी और गौरझामर थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया। पुलिस ने रात में ही जंगल और आसपास के गांवों में सर्च ऑपरेशन चलाकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

सागर के एडिशनल एसपी लोकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि सामूहिक दुष्कर्म की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई थी। घेराबंदी कर दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया, जिनकी पहचान पीड़िता ने की है। आरोपियों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। फिलहाल दोनों से पूछताछ की जा रही है और कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## कुदरत का करिश्मा: गाय ने दिया जुड़वा बच्चों को जन्म




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, एजेंसी**। गोवंश में जुड़वा अर्थात 'बछड़ा-बछिया' का जन्म होना दुर्लभ केस माना जाता है। कई लाखों में एकाध मामले सामने आते हैं। एमपी के सागर जिले के केसली में देसी गाय ने एक साथ जुड़वा बच्चों को जन्म दिया, जिनमें बछड़ा-बछिया जन्मे हैं। लोग इसे प्राकृति का शुभ संकेत मान रहे हैं। जानकारी अनुसार जिले के केसली विकासखंड के सहजपुर में वेटरनरी से जुड़ा एक दुर्लभ और खुशी से भरा मामला सामने आया है। यहां मुन्ना घोषी के घर पली देसी गाय ने एक साथ 'बछड़े-बछड़ी' को जन्म दिया है। खास बात यह है कि जन्म के बाद दोनों नवजात पूरी तरह स्वस्थ हैं।

# मानस सनातन धर्म - राम कथा - मोरारी बापू भारत मण्डपंम, नई दिल्ली

"झलकियां"


























# मानस सनातन धर्म - राम कथा - मोरारी बापू भारत मण्डपंम, नई दिल्ली


"झलकियां"

























## Punjab

# गणतंत्र दिवस पर पंजाब को दहलाने की साजिश नाकाम, 2.5 किलो RDX के साथ 5 आतंकी गिरफ्तार

**चंडीगढ़, (एजेंसी)** गणतंत्र दिवस पर पंजाब को दहलाने की साजिश पुलिस ने नाकाम कर दी है। होशियारपुर पुलिस ने काउंटर इंटेलिजेंस जालंधर के साथ संयुक्त कार्रवाई में प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल के चार आतंकियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग ढाई किलोग्राम आरडीएक्स से बना शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण और दो अवैध पिस्तौल बरामद की गई हैं। इसके पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ था।

पंजाब के डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान दिलजोत सिंह,



हरमन सिंह उर्फ हैरी उर्फ हर्री, अजय उर्फ मेहरा और अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श कंदोला के रूप में हुई है। सभी आरोपी नवांशहर जिले के राहों क्षेत्र के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बरामद विस्फोटक का इस्तेमाल गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान लक्षित आतंकी हमले के लिए किया जाना था। इसके अलावा आज ही स्टेट स्पेशल ऑपरेशंस सेल अमृतसर ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल के एक आतंकी को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान तरनतारन के गांव दीनेवाल निवासी शरनप्रीत सिंह के रूप में हुई है। उससे एक हैंड ग्रेनेड, एक मॉडर्न पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

## Jammu

### पहाड़ पर बर्फ, मैदान में बारिश: जम्मू-श्रीनगर हाईवे बंद, हजारों वाहन फंसे; छह जिलों में भारी हिमस्खलन का अलर्ट



जम्मू/श्रीनगर। पूरे जम्मू-कश्मीर में वीरवार की रात से शुक्रवार को पूरे दिन भारी बारिश और बर्फबारी का सिलसिला जारी रहा। श्री माता वैष्णो देवी के भवन पर सीजन का पहला हिमपात हुआ। त्रिकुटा पर्वत बर्फ से चमक उठा है। जम्मू संभाग के पटनीटॉप, नत्थाटॉप समेत कश्मीर के सभी पहाड़ों और पर्यटन स्थलों पर भारी बर्फ जमा हो गई है। कई जगह मलबा और पत्थर गिरने और बर्फ जमा होने से श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बंद कर दिया गया है। मुगल रोड और श्रीनगर-लेह राजमार्ग भी बंद है।

बारिश से दो महीने से अधिक समय से चल रहे सूखे का तो अंत हुआ लेकिन मौसम के अचानक बदले रुख से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जम्मू से लेकर घाटी तक भारी बिजली-पानी संकट रहा। वीरवार रात को जम्मू संभाग के कई हिस्सों में आंधी के साथ ओले गिरे। पूरे प्रदेश में शुक्रवार को तेज हवा के साथ बारिश जारी रही। इससे श्रीनगर हवाई अड्डे पर सभी उड़ानें रद्द रहीं। जम्मू से श्रीनगर जाने वाली पांच उड़ानें नहीं हुईं। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर उधमपुर, राजोरी, पुंछ और कठुआ जिले में स्कूल बंद रखे। शनिवार को मौसम सही रहने पर ही स्कूल खुलेंगे।

15 घंटों के भीतर कश्मीर के कई इलाकों में पांच फीट तक बर्फ गिरी है। अनंतनाग, पहलगाम, कुलगाम, शोपियां, पीर की गली, गुलमर्ग, सोनमर्ग-जोजिला पास, बांदीपोरा-राजदान पास और कुपवाड़ा-साधना पास, डोडा,

## Uttarpradesh

### लड़की मना करती रही, चाची के कहने पर खोला गया ताला जड़ा बक्सा, अंदर से निकला प्रेमी!

**कानपुर, (एजेंसी)** कानपुर में शुक्रवार को एक अनोखा मामला सामने आया, जिसने पुलिस से लेकर मोहल्ले वालों तक को हैरान कर दिया. चकेरी थाना क्षेत्र के अहिरवार इलाके की एक बस्ती में प्रेमी को छिपाने के लिए युवती ने उसे घर के बड़े बक्से में बंद कर दिया. बताया गया कि इलाके में कई दिनों से किसी के पत्थर फेंकने की शिकायत आ रही थी. दोपहर के समय लोगों ने शक के आधार पर एक घर के बाहर कुंडी लगा दी और आरोप लगाया कि दीपू नाम का युवक अंदर छिपा है और वहीं से पत्थर फेंक रहा है. घर में मौजूद युवती ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि घर में कोई लड़का नहीं आया है. युवती की चाची ने दावा किया कि उसने युवक को घर में घुसते देखा है. इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई. पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मकान की तलाशी ली, लेकिन कोई युवक नहीं मिला. तभी चाची और चचेरे भाई ने घर में रखे बड़े बक्से की ओर इशारा किया. युवती ने कहा कि बक्से में दो ताले लगे हैं और चाबी नहीं मिल रही है. दबाव बढ़ने पर पुलिस ने हथौड़ी से एक ताला तोड़ा.

## Chhattisgarh

# रातों-रात गायब हुआ 40 साल पुराना लोहे का पुल

**कोरबा,** छत्तीसगढ़ के कोरबा में एक पुल रातों-रात चोरी हो गया। रात तक पुल सही सलामत था, लेकिन अगले दिन सुबह पुल में लगी लोहे की 15 टन रेलिंग गायब मिली। घटना 17 जनवरी की है। रशियन हॉस्टल के पास ढोढ़ीपारा इलाके में नहर पर यह पुल 40 साल पहले बना था। घटना वाली रात चोर अपने साथ गैस कटर, ऑक्सीजन सिलेंडर और एलपीजी सिलेंडर लेकर आए थे। उन्होंने पूरी रात मशक्कत कर पुल के 80 फीट लंबी रेलिंग के एक-एक हिस्से को काटा। फिर लोहे को काट-काटकर टुकड़े किए और गाड़ी में भरकर अपने साथ ले गए। मामला सीएसईबी चौकी क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक 15 आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया है, इसमें



5 आरोपी पकड़े गए हैं। बता दें कि इस पुल से नगर निगम के वार्ड नंबर 17 के लोग शहर तक आते-जाते थे, पुल चोरी होने के बाद से आवाजाही बंद है।

## खेल

# 209 रन का पहाड़ 15.2 ओवर में ढहा, सूर्यकुमार और ईशान किशन का धमाका, भारत का सबसे बड़ा टी20 रन चेज

रायपुर। भारत ने न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराकर पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 208 रन बनाए। कप्तान मिचेल सैंटनर ने नाबाद 47 और रचिन रवींद्र ने 44 रनों की अहम पारी खेली। जवाब में भारतीय बल्लेबाजों ने तूफानी अंदाज में लक्ष्य का पीछा किया। ईशान किशन ने 76 रन बनाए, जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने सिर्फ 37 गेंदों पर नाबाद 82 रन ठोकते हुए भारत को 15.2 ओवर में ही जीत दिला दी। भारत ने 28 गेंद शेष रहते 209 रन का लक्ष्य हासिल किया, जो टी20 अंतरराष्ट्रीय में 200+ लक्ष्य का पीछा करते हुए किसी फुल मेंबर टीम की सबसे बड़ी जीत है।

यह भारत का टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे बड़ा सफल रन चेज भी रहा,



जिससे टीम ने ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इसके साथ ही भारत 200 से अधिक रन के लक्ष्य का पीछा करने वाली दूसरी सबसे सफल टीम बन गई है। ईशान किशन की विस्फोटक बल्लेबाजी और कप्तान सूर्यकुमार यादव के लंबे इंतजार के बाद आए अर्धशतक की बदौलत भारत ने शुक्रवार को खेले गए दूसरे टी20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को हरा दिया। टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम के लिए यह मुकाबला बेहद सकारात्मक संकेत लेकर आया। करीब दो साल बाद टीम में लौटे ईशान किशन ने अपने चयन को पूरी तरह सही साबित करते हुए महज 32 गेंदों में 76 रनों की सनसनीखेज पारी खेली। वहीं, कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 23 पारियों के बाद अपना पहला अर्धशतक जमाया और 37 गेंदों में नाबाद 82 रन बनाकर टीम को आसान जीत दिलाई। 209 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत लड़खड़ाती हुई रही। दूसरे ही ओवर तक अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन पवेलियन लौट चुके थे। लेकिन इसके बाद ईशान किशन ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया और न्यूजीलैंड के गेंदबाजों पर जमकर प्रहार किया। किशन की पारी में 11 चौके और चार शानदार छक्के शामिल रहे। उन्होंने पुल, पिक-अप शॉट्स और रिवर्स स्वीप जैसे शॉट्स से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। उनकी पारी का असर इतना गहरा रहा कि आउट होने पर कप्तान सूर्यकुमार यादव ने खुद आगे बढ़कर उन्हें गले लगाया। ईशान किशन ने 21 गेंदों में अपने टी20 करियर का सातवां अर्धशतक पूरा किया। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 में सबसे तेज अर्धशतक जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए। टी20 विश्व कप 2026 की शुरुआत में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। सात फरवरी से यह टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। इससे पहले भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फॉर्म में वापसी कर ली है। शुक्रवार को रायपुर में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए दूसरे टी20 मैच में दिग्गज बल्लेबाज ने शानदार अर्धशतक जड़ा।

## सिनेमा

### Border 2 का धुआंधार क्रेज! आधी रात के शोज खुले, हाउसफुल हुए थिएटर्स



सनी देओल की फिल्म 'बॉर्डर 2' रिलीज के साथ ही धमाके करने लगी है. ऑलमोस्ट 30 साल पहले आई 'बॉर्डर' के सीक्वल के लिए लोगों में एक्साइटमेंट तो नजर आ ही रही थी. फिल्म के रिव्यूज पॉजिटिव हैं और सुबह के शोज से जनता का वर्ड ऑफ माउथ भी तगड़ा बिल्ड-अप हुआ है. 'बॉर्डर 2' माहौल तो शुक्रवार सुबह से ही बना रही है. लेकिन शाम होते-होते इसका भौकाल अलग लेवल पर पहुंच गया है. सनी देओल का आइकॉनिक फौजी अवतार वापस लेकर आई 'बॉर्डर 2' जनता की नई फेवरेट फिल्म बनने लगी है. शुक्रवार दोपहर से ही इसकी डिमांड लगातार बढ़ रही है. शाम होते-होते हाल ये है कि कई दिल्ली-मुंबई जैसे शहरों में 'बॉर्डर 2' के लिए आधी रात के शोज खुल चुके हैं. दिल्ली एनसीआर के कई थिएटर्स में 'बॉर्डर 2' का आखिरी शो रात 11 बजकर 30 मिनट और उसके बाद का है. ये लेट नाइट शो फिल्म की तगड़ी डिमांड देखने के बाद जोड़े गए हैं. दिल्ली के आइकॉनिक सिंगल स्क्रीन थिएटर्स में 'बॉर्डर 2' बसंत की असली बहार लेकर आई है. जहां डिलाइट में फिल्म का आखिरी शो एडवांस में ही 85% तक भर चुका है. वहीं लिबर्टी में 'बॉर्डर 2' का आखिरी शो हाउसफुल हो चुका है. 90s के दौर से 2010 के दशक में आते-आते सनी देओल बड़े पर्दे से कुछ गायब से होने लगे थे. इसकी एक बड़ी वजह मास फिल्मों का घटता क्रेज था.

## संपादकीय

# भारत-ईयू समिट: रणनीतिक साझेदारी का नया अध्याय

यूरोपीय यूनियन का मानना है कि 27 जनवरी को होने वाली भारत- ईयू समिट दोनों पक्षों के संबंधों में एक नया अध्याय शुरू करेगी। समिट से पहले अधिकारियों ने भारत को ईयू का एक अहम साझेदार बताया है। अधिकारियों का कहना है कि जियो पॉलिटिकल अस्थिरता के बीच ये सहयोग ना सिर्फ तार्किक है, बल्कि बेहद जरूरी है कि दोनों ओर से नेतृत्व वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी संवाद करें। हालांकि इस दौरान ईयू की ओर से दोनों पक्षों के बीच होने वाली एफटीए को लेकर ज्यादा डिटेल नहीं दिए गए , अधिकारियों का कहना है कि डील पर अभी वार्ताएं हो रही हैं। सूत्रों के मुताबिक इस डील के बाद दोनों ही ओर से टैरिफ में कमी आएगी। आने वाली समिट में मोबिलिटी करार पर भी सहमति बन सकती है। इस करार में छात्रों, कामगारों जैसी विशिष्ट श्रेणियों के लोगों को भी कवरेज मिल सकती है। दरअसल यूरोप भारतीय टैलेंट को लेकर उत्सुक है और इस दिशा में और सहयोग की ओर काम किया जाएगा। इस सवाल के जवाब में कि क्या कृषि क्षेत्र को ईयू-एफटीए से हटाया गया है, इस सवाल पर अधिकारियों ने कहा कि इस पर वार्ता अभी चल ही रही है। ईयू अधिकारियों ने कहा कि ये डील सप्लाई चेन की विविधता को सुनिश्चित करेगी। इसके अलावा डिजिटल और स्वच्छ टेक्नोलॉजी में सहयोग और मजबूत होगा। समिट में दोनों पक्षों के बीच सुरक्षा और डिफेंस में और ज्यादा सहयोग और बहुपक्षवाद का समर्थन जैसे आयाम भी सामने आएंगे। इंडिया मिडिल ईस्ट यूरोप कोरिडोर IMEC पर बात करते हुए ईयू अधिकारियों ने कहा कि इस कोरिडोर की प्रगति पर हाल ही में मिडिल ईस्ट की घटनाओं का बुरा प्रभाव पड़ा है। हालांकि इस मुद्दे पर भारत और ईयू, दोनों पक्षों के बीच चर्चा हो, दोनों पक्ष इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सुरक्षा और डिफेंस पार्टनरशिप के मसले पर अधिकारियों ने बताया कि इस सहमति पर भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ईयू की विदेश नीति की प्रमुख कालास की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए जाएंगे। बता दें ईयू और भारत के बीत 27 जनवरी को समिट होने वाली है, जिसमें दोनों पक्षों के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर होंगे। यूरोप इस डील को बेहद अहम मान रहा है, ईयू प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेन ने इसे मदर ऑफ ऑल डील कहा है।

### मुंशी प्रेमचंद की कहानी

# स्त्री और पुरुष

विपिन बाबू एक कवि थे, जिन्हें दुनिया में सबसे ज्यादा सुंदर रचना महिलाएं ही लगती थीं। इनकी कविताओं में भी सिर्फ महिलाओं के रूप, सुंदरता और यौवन की ही तारीफ हुआ करती थी। जैसे ही किसी महिला का जिक्र होता, तो ये अलग और सुंदर सी कल्पना की दुनिया में चले जाते थे। इन्होंने अपने जीवन में भी एक ऐसी ही सुंदर महिला की कल्पना की थी। विपिन बाबू के मन में था कि उनकी पत्नी फूल सी कोमल, सूरज जैसी चमक, कोयल सी आवाज और सुबह की लाली से शोभित हो।

अब विपिन बाबू के कॉलेज की परीक्षा भी खत्म हो गई थी। विपिन के लिए कई सारे रिश्ते आ रहे थे। एक दिन विपिन के मामा ने उसकी शादी भी तय कर दी। विपिन का मन लड़की देखने का था। उसे देखना था कि जैसी पत्नी की वो कल्पना करता है, वो वैसी है या नहीं। विपिन ने मामा से अपनी होने वाली पत्नी को देखने का निवेदन दिया, लेकिन मामा ने उसे कहा कि वो बहुत ही सुंदर है उन्होंने उसे खुद देखा है। मामा की बातों पर भरोसा करके विपिन ने शादी के लिए हां कर दी।

शादी का दिन भी आ गया। मंडप के पास बैठा विपिन अपनी पत्नी को देखने के लिए उतावला था। होने वाली पत्नी को उसने गहनों से सजा हुआ देखा। चेहरे पर घूंघट, हाथों और पैरों की सुंदर उंगलियां देखकर उसके मन को थोड़ी राहत मिली। दूसरे दिन विदाई के बाद जैसे ही डोली विपिन के घर पहुंची, तो वो तुरंत अपनी पत्नी को देखने के लिए दौड़ा। तब उसकी पत्नी पालकी से बाहर घूंघट उठाकर देख रही थी। जैसे ही विपिन की निगाहें उसपर पड़ीं उसे बहुत दुख हुआ।

विपिन ने जैसी पत्नी के सपने देखे थे, वो बिल्कुल भी वैसी नहीं थी। चौड़ा सा मुंह, चपटी नाक, फूले से गाल विपिन को बिल्कुल पसंद नहीं आए। रंग भले ही उजला था, लेकिन उसके अलावा विपिन के सपनों की दुल्हन से वो एकदम अलग थी। विपिन की सारी खुशी गुम हो गई। उसे मामा पर काफी गिस्सा आया, जिन्होंने लड़की की तारीफों के पुल बांधे थे। सबसे पहले उसने मामा से लड़ाई की। उसके बाद ससुराल वालों से और फिर अपने घर वालों से।

विपिन के मन में हुआ कि इस महिला के साथ किस तरह से पूरा जीवन बिताऊंगा। इसके साथ पूरा जीवन मुझे कांटों भरा लगेगा। मैं सोच भी नहीं सकता कि ऐसी महिला से मेरी शादी हो गई है। मेरे क्या ख्वाब थे और क्या हो गया। भगवान को मेरे साथ ही ऐसा करना था। फिर उसके मन में हुआ कि शादी मैंने जबरदस्ती तो की नहीं थी। अब इस लड़की को क्या पता था कि पत्नी को लेकर मेरे क्या सपने थे। इसमें इसका क्या दोष है?

इस सोच के बाद भी विपिन का दिल उसे स्वीकार करने को तैयार नहीं था। वो घंटों श्रृंगार करती थी, अपने बाल संवारती थी, लेकिन विपिन के मन को बिल्कुल भी नहीं भाती। विपिन हरदम उससे दूर भागता था और उसकी पत्नी पूरे भाव के साथ उसकी सेवा करना चाहती थी। होते-होते विपिन घर में पल भर भी नहीं टिकता था। जब भी विपिन की पत्नी आशा उससे कुछ बात करने की कोशिश करती, वो उसे दो खरी-खोटी सुना देता।

विपिन रोज दोस्तों के साथ बाहर जाता और पत्नी घर में उसका इंतजार करती रह जाती। काफी दिनों के बाद जब विपिन घर खाना खाने के लिए आया, तो आशा ने कहा कि आप मेरी वजह से घर में रहना ही छोड़ देंगे क्या?

विपिन ने मुंह मोड़ते हुए जवाब दिया, "घर में ही तो रहता हूं। बस आजकल नौकरी ढूंढने के लिए ज्यादा दौड़-भाग करनी पड़ रही है।"

आशा ने कहा, "मैं खूब जानती हूं कि आप घर में क्यों नहीं टिकते हैं। आप किसी डॉक्टर से बात करके मेरा चेहरा वैसा क्यों नहीं बना देते जैसा आप चाहते हैं।"

विपिन से चिढ़ते हुए कहा, "क्यों तुम बेवजह फिजूल की बातें कर रही हो। तुम्हें यहां आने के लिए किसने कहा?"

उसकी पत्नी ने पूछा, "जब आपको किसी चीज से परेशानी है, तो उसका इलाज भी करना होगा न?"

विपिन बोला, "भगवान जिस काम को नहीं कर पाया, उसे मैं कैसे कर दूंगा?"

गुस्से में आशा कहने लगी, "इसके बारे में आपको सोचना चाहिए कि भगवान ने जो किया है उसके लिए मुझे सजा क्यों मिले? हर तरह की सूरत वाले लोग दुनिया में हैं, लेकिन उनके पति ऐसा व्यवहार उनसे नहीं करते।"

विपिन ने झल्लाते हुए जवाब दिया कि क्या मैं तुमसे कोई गलत व्यवहार करता हूं। क्या कभी मैंने तुमसे लड़ाई की है? तुम ही मेरे सामने आकर मुझसे बहस करने लगती हो।

ये सब सुनकर आशा वापस चली गई। उसे लगा कि इन्होंने मेरे प्रति अपना दिल पत्थर का बना लिया है। अब ये मेरी एक नहीं सुनेंगे।

इधर, विपिन का ऐसा रैवया देखते-देखते आशा बीमार हो गई। वो अपनी जिंदगी से निराश थी। उधर, बीमार आशा को देखने विपिन एक बार भी नहीं गया। उसके मन में था कि इसे कुछ हो जाए, तो इस बार अपनी पसंद की लड़की से शादी कर लूंगा। अब तो विपिन को और भी छूट मिल गई थी। पहले कभी-कभी आशा रोकती-टोकती और बाहर जाने की वजह पूछ लेती, लेकिन अब विपिन पूरी तरह आजाद था।

गलत आदतों में पड़कर विपिन सिर्फ अपने पैसे ही बर्बाद नहीं कर रहा था, बल्कि सेहत और चरित्र सबकुछ खो रहा था। होते-होते विपिन का पूरा शरीर पीला और कमजोर पड़ने लगा। शरीर में सिर्फ हड्डियां ही नजर आ रहीं थीं और आखों के आसपास काले घेरे व गड्ढे पड़ गए थे। अपने चेहरे को देखकर रोज विपिन उसे संवारने की कोशिश करता, लेकिन कुछ हो नहीं पाता।

एक दिन महीनों से बीमार पड़ी आशा बरामदे के पास चारपाई पर लेटी थी। उसने विपिन को काफी समय से नहीं देखा था, इसलिए किसी से विपिन को बुलावा भेजा। आशा के मन में था कि बुलावा, तो भेज दिया है, लेकिन वो आएंगे नहीं। आशा का बुलावा मिलने पर आज विपिन पहले की तरह झल्लाया नहीं। वो बिना संकोच किए आज आशा के पास जाकर खड़ा हो गया। जैसे ही आशा ने उसे देखा तो हैरान हो गई।

उसने पूछा, "क्या आप बीमार हैं? बहुत दुबले हो गए हैं और पहचान में भी नहीं आ रहे हैं।"

विपिन ने कहा, "जिंदा रहकर भी अब क्या करना है।"

आशा ने नाराज होते हुए विपिन का हाथ पकड़कर चारपाई पर बैठा दिया और बोली, "दवाई क्यों नहीं करते?"

आज आशा के इस तरह उसे खींचने पर विपिन नाराज नहीं हुआ। उसके व्यवहार में वो कड़वाहट नहीं थी। उसका गुस्सा जैसे पिघल गया था।

चारपाई में बैठते ही विपिन ने जवाब दिया, "अब दवाई से मेरा कुछ नहीं होगा। मौत ही मुझे अपने साथ लेकर जाएगी। मैं ऐसा तुम्हें दुख देने के लिए नहीं कह रहा हूं। मैं भयंकर रोग से ग्रस्त हूं और अब मैं बच नहीं सकता।"

इतना कहते ही विपिन चारपाई पर बेहोश होकर गिर गया। उसका पूरा शरीर कांपने लगा और पसीना-पसीना हो गया। विपिन की ये हालत देखकर महीनों से बीमार पड़ी आशा झट से बिस्तर से उठ गई। वो पानी लाकर विपिन के चेहरे पर मारने लगी, लेकिन उसे होश नहीं आया। शाम तक विपिन का मुंह टेढ़ा हो गया और शरीर में कोई हरकत नहीं थी। यह लकवा था, जिसकी चपेट में विपिन आ गया था।

इस रोग में बीमार आशा ने विपिन की खूब सेवा की। लगातार 15 दिन तक विपिन की स्थिति नाजुक बनी रही। दिन-रात एक करके आशा द्वारा की गई मेहनत रंग लाने लगी। विपिन की हालत कुछ संभली, लेकिन अभी भी आशा अपनी गोद में सुलाकर ही विपिन को दवाई पिलाती और खाना खिलाती थी। इन सबमें वो अपनी तबीयत को जैसे भूल ही गई थी। शरीर बुखार से तपता था, लेकिन उसे विपिन की स्थिति के सामने खुद की सेहत कुछ भी नहीं लगती था।

अब विपिन के दोनों पैरों में थोड़ी ताकत आने लगी थी। होते-होते चार-पांच महीने में वो अपने पैरों पर खड़ा होने लगा, लेकिन उसका मुंह टेढ़े का टेढ़ा ही रहा। उसके चेहरे पर पहले जैसी रोनक भी नहीं रही। एक दिन अपना चेहरा शीशे में देखने के बाद विपिन ने कहा कि मुझे भगवान ने अपने किये की सजा दी है। आशा मैंने तुम्हें सुंदर नहीं माना और आज देखो मैं कितना कुरूप हो गया हूं। अब तुम भी मेरे साथ वैसा ही व्यवहार करो जैसा मैं तुम्हारे साथ किया करता था।

आशा ने हंसते हुए पति से कहा, "आप मेरी आंखों से देखेंगे, तो पता चलेगा कि आपमें कोई अंतर नहीं आया है। आप पहले जैसे थे, अब भी वैसे ही हैं।"

विपिन बोला, "अच्छा, बंदर जैसा मुंह दिख रहा है और तुम कहती हो कोई अंतर नहीं आया है। तुम्हें मालूम है न भगवान ने मुझे मेरी करनी की सजा दी है।"

सबने खूब जतन किए, लेकिन विपिन का मुंह सीधा नहीं हो पाया।

पति के पैर पर खड़े के कुछ समय बाद ही आशा ने घर में पूजा रखी, क्योंकि उसने भगवान से विपिन के लिए मन्नत मांगी थी। पूरे मोहल्ले के लोग विपिन के घर में जमा थे। भजन-संगीत चल रहा था।

तभी आशा की एक दोस्त ने उससे पूछा, "अब तो तुझे अपने पति का चेहरा देखने की इच्छा नहीं होती होगी। कैसा टेढ़ा हो गया है मुंह?"

गंभीर आवाज में आशा बोली, " मुझे तो कुछ फर्क नजर नहीं आता है।

उसकी दोस्त ने पलटकर कहा, "चल झूठी, ऐसा थोड़ी होता है। बातें मत बना ज्यादा।"

फिर आशा कहने लगी, "सच कह रही हूं। मुझे उनकी आत्मा मिली है, जो उनके रूप से बढ़कर है और मैं हमेशा उनकी आत्मा को ही देखती हूं।"

विपिन कमरे में दोस्ते के साथ बैठा था। तभी उसके एक दोस्त ने बरामदे की तरफ खुलने वाली खिड़की खोल दी।

उसने विपिन से पूछा, "आज तो यहां कई खूबसूरत लड़की हैं। बता तुझे कौन सी अच्छी लग रही है।"

विपिन ने कहा, "खिड़की बंद कर दो और जहां तक रही पसंद की बात तो मुझे वही पसंद है, जिसके हाथ में फूल की थाली है।"

दोस्त ने पूछा, "तेरे चेहरे के साथ पसंद भी खराब हो गई है क्या? मुझे तो वो दूसरों से कम खूबसूरत लगती है।"

विपिन बोला, "मैं उसकी आत्मा को देख रहा हूं, वो हर किसी की सूरत से ज्यादा सुंदर है।"

तब उसने पूछा, "अच्छा, यही तुम्हारी पत्नी है क्या?" विपिन ने कहा, "हां बिल्कुल, यही वो देवी तुल्य महिला है।"

### कहानी से सीख

व्यक्ति की बाहरी सुंदरता नहीं, बल्कि मन की सुंदरता देखनी चाहिए। बाहरी सुंदरता कभी भी फीकी पड़ सकती है, लेकिन जिसका मन सुंदर है, वो व्यक्ति हमेशा ही सुंदर रहता है।

इंदौर में फिर मौत

# दूषित पानी से 26वीं जान गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। भागीरथपुरा में दूषित पानी से शुक्रवार को एक और मौत हो गई। 63 साल के बद्री प्रसाद को उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद 17 जनवरी को अरविंदो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बद्री प्रसाद को टीबी की बीमारी भी थी। इन्हें मिलाकर भागीरथपुरा में अब तक 26 लोगों की मौत हो चुकी है। भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है। अब अरविंदो अस्पताल में 10 लोग भर्ती हैं। एक मरीज वेंटिलेटर पर है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, भर्ती मरीजों में से 8 दूसरी बीमारियों से भी पीड़ित हैं।



## इन मरीजों का चल रहा इलाज

सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी के मुताबिक, वर्तमान में अपोलो हॉस्पिटल में 58 साल के मरीज के पैर में गंभीर इंफेक्शन और किडनी की बीमारी का इलाज जारी है। केयर सीएचएल अस्पताल में 23 वर्षीय महिला एमचीबी, बेसल मेनेजाइटिस विथ हाईड्रोसिफेलस से ग्रस्त है। अरबिंदो अस्पताल में 66 वर्षीय महिला लिवर में सूजन और संक्रमण से पीड़ित है। 70 वर्षीय बुजुर्ग गंभीर चोटों के कारण और एसडीएच से ग्रस्त है। दो अन्य मरीज जो कि वार्ड में एडमिट हैं और डायरिया से पूर्ण स्वस्थ होकर डिस्चार्ज होने की प्रक्रिया में हैं। ऐसे बी बॉम्बे हॉस्पिटल में 65 वर्षीय बुजुर्ग मल्टी ऑर्गन डिस्फंक्शन सिंड्रोम और इनसेफेलोपैथी से ग्रस्त है। 65 वर्षीय महिला और 72 वर्षीय बुजुर्ग सेंसरी पॉलीन्युरोपैथी से पीड़ित है। 67 वर्षीय महिला हायपोक्सिक इस्कीमिक इनकिफेलोपैथी यानी ब्रेन में ऑक्सीजन की कमी के कारण हुई अस्वस्थता से एडमिट है।

# पत्नी के मायके जाते ही ठेकेदार ने लगाया फंदा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **चंदन नगर थाना क्षेत्र के व्यास नगर इलाके में शुक्रवार सुबह एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक 38 वर्षीय व्यक्ति ने अपने ही घर में फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी तब लगी जब काफी देर तक मृतक अपने कमरे से बाहर नहीं निकला और मां उसे बुलाने के लिए कमरे में दाखिल हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक का नाम संजय दामके पुत्र मांगीलाल दामके है। संजय व्यास नगर का निवासी था और पेशे से ठेकेदारी का काम करता था। परिजनों ने बताया कि संजय की दिनचर्या नियमित थी और वह रोजाना सुबह 7 बजे तक सोकर उठ जाता था। शुक्रवार सुबह जब काफी देर होने के बाद भी उसके कमरे में कोई हलचल नहीं हुई, तो मां उसे देखने कमरे में गईं, जहां संजय का शव फंदे पर लटका हुआ था। संजय के पारिवारिक पृष्ठभूमि की बात करें तो उसके परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं। बताया जा रहा है कि सुसाइड की घटना से महज एक दिन पहले ही उसकी पत्नी तीनों बच्चों को लेकर इंदौर के ही ऋषि पैलेस स्थित अपने मायके चली गई थी। घर में उस समय केवल संजय और उसकी मां मौजूद थे। मृतक के भाई ने पुलिस को दिए अपने बयानों में कई महत्वपूर्ण खुलासे किए हैं।

फैमिली कोर्ट में हंगामा

# नाजिर के सिर पर महिला ने जूता मारा एफआईआर दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **संयोगितागंज स्थित कुटुंब (फैमिली) न्यायालय में शुक्रवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब कोर्ट में मौजूद एक नाजिर के सिर पर महिला ने जूता मार दिया। घटना के बाद नाजिर की शिकायत पर पुलिस ने महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

संयोगितागंज थाना पुलिस के अनुसार राकेश कुमार गुप्ता निवासी आनंद वैली ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। राकेश फैमिली कोर्ट में नायब नाजिर के पद पर पदस्थ हैं। राकेश गुप्ता ने बताया कि वे कोर्ट परिसर में अपनी सीट पर बैठकर शासकीय कार्य कर रहे थे। इसी दौरान श्रद्धा सिंह पंवार पत्नी गजेंद्र सिंह पंवार निवासी स्लाइस-3 स्कीम नंबर 103 उनकी टेबल पर पहुंचीं और अपने बाउचर भुगतान को लेकर सवाल करने लगीं। नाजिर के अनुसार उन्होंने महिला को बताया कि उनका बिल पहले रिजेक्ट हो गया था, जिसे पुनः जनरेट कर कोषालय भेज दिया गया है और 2–3 दिन में भुगतान हो जाएगा। इस बात पर महिला अचानक आक्रोशित हो गई। आरोप है कि उसने टेबल पर रखी नोटशीट और अन्य सरकारी दस्तावेज फाड़ दिए, साथ ही अपशब्द कहने लगी। विवाद बढ़ने पर महिला ने नाजिर के सिर पर जूता मार दिया। घटना के दौरान कोर्ट में मौजूद वकील और अन्य लोग बचाव के लिए आगे आए। इसके बावजूद महिला गाली-गलौज करती हुई कमरे से बाहर निकल गई। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। इसके बाद नाजिर राकेश गुप्ता ने संयोगितागंज थाने पहुंचकर महिला के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, अभद्रता और मारपीट की शिकायत दर्ज कराई। अधिकारियों का कहना है कि कोर्ट परिसर में इस तरह की अव्यवस्था और शासकीय कार्य में बाधा को गंभीरता से लिया गया है।

# इंदौर में 4.47 लाख वोटर्स के नाम कटे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शहर में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने के बाद दावे आपत्ति की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। प्रारूप मतदाता सूची से 4.47 लाख मतदाताओं के नाम हटाने के बाद 57 हजार मतदाताओं ने फिर से नाम जोड़ने के लिए आवेदन दिये हैं। 2625 मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा एक महीने तक दावे-आपत्तियां लिए गए। हालांकि जिला प्रशासन द्वारा फाइनल आंकड़े जारी होने के बाद स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट होगी। कुल 28.67 लाख मतदाताओं के गणना पत्र भरवाने का कार्य 4 नवंबर से 18 दिसंबर के बीच किया गया। इस अवधि में केवल 24.20 लाख मतदाता ही फार्म भर पाए, जबकि 4.47 लाख मतदाताओं ने गणना पत्र जमा नहीं किए। गणना पत्र नहीं भरने वाले 4.47 लाख मतदाताओं के नाम 23 जनवरी को जारी प्रारूप मतदाता सूची से हटा दिए गए। इसके बाद मतदाता सूची को लेकर दावे-आपत्तियों की प्रक्रिया शुरू हुई, जो गुरुवार को समाप्त हो गई। अब तक राऊ विधानसभा में नए वोटर्स के नाम जोड़ने के लिए सबसे ज्यादा आवेदन आए हैं। जबकि 3 नंबर विधानसभा से सबसे कम आवेदन आए हैं। 3 नंबर विधानसभा क्षेत्रफल और वार्ड संख्या के हिसाब से 10 वार्डों की है, इसके बावजूद यहां आवेदन कम आए।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक